C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:22 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:29 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 126 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 6 नवम्बर 2025



प्रियंका चोपड़ा ने न्यूयॉर्क के नए...पेज-3 पर

## सीएम योगी ने विश्वनाथ धाम और बाबा कालभैरव के किए दर्शन

**वाराणसी** एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी में हैं। बृहस्पतिवार को उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम और कालभैरव मंदिर में दर्शन- पूजन किए। इसके बाद बनारस स्टेशन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार की सुबह काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किए। इसके बाद बाबा कालभैरव के दर्शन भी किए। इसके बाद सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बनारस रेलवे



स्टेशन और बरेका का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने वाराणसी प्रवास के दूसरे दिन धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने के उपरांत गुरुवार को बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी दौरे की तैयारियों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने रेलवे और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को स्टेशन परिसर के सुंदरीकरण, सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाओं और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल से जुड़ी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारु और व्यवस्थित रहें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने स्टेशन पर साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में सात नवंबर को दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। आठ नवंबर को वह बनारस रेलवे स्टेशन से वाराणसी-खजुराहो वंदे भारत और तीन अन्य ट्रेनों का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व मुख्यमंत्री का यह निरीक्षण दौरा तैयारियों को अंतिम रूप देने के मद्देनजर बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## News कॉर्नर

### मंडी गेट के पास खड़ी मोटरसाइकिल हुई गायब

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी में बाइक चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताज़ा मामला मंडी गेट क्षेत्र का है, जहां एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल उस समय चोरी हो गई जब वह अपनी पत्नी के साथ खरीदारी करने गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विनोद कुमार सिंह पुत्र स्व. श्री रामदयाल सिंह ने अपनी मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स को 4 सितंबर (शनिवार) की शाम लगभग 4:58 बजे मंडी गेट स्थित महादेव ट्रेडर्स दुकान के सामने खड़ा किया था। पीड़ित के अनुसार, वे अपनी पत्नी के साथ शनिबाजार में कुछ जरूरी सामान खरीदने गए थे। लगभग शाम 6 बजे जब वे वापस लौटे, तो देखा कि उनकी बाइक वहां से गायब थी। आसपास खोजबीन करने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। विनोद कुमार ने तत्काल इसकी मौखिक और लिखित सूचना मंडी चौकी में दी, लेकिन अब तक उनकी बाइक बरामद नहीं हुई है। उन्होंने कोतवाली हल्द्वानी में एक लिखित तहरीर देकर अनुरोध किया है कि उनकी प्राथमिकी दर्ज की जाए।

### पहाड़ों में बर्फबारी का मैदान में भी दिख रहा असर, ठंड में हुआ इजाफा

**देहरादून।** पहाड़ों में हल्की बारिश बर्फबारी का असर देहरादून में भी दिख रहा है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट से ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने सुबह के समय हल्का कुहासा छाए रहने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन मैदानी जनपदों में सुबह के समय उथला कोहरा (कुहासा) छाए रहने की संभावना है। वहीं देहरादून में आसमान मुख्यत: साफ रहने की संभावना है, लेकिन यहां भी सुबह हल्का कोहरा छाया रह सकता है। अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रहने के आसार हैं।

मुख्यमंत्री धामी हल्द्वानी पहुंचे

## राज्य निर्माण में पूर्व सैनिकों का अभूतपूर्व योगदान : सीएम धामी

**हल्द्वानी** हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय सैनिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। एम बी इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित सम्मेलन में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिको ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण में पूर्व सैनिको का अभूतपूर्व योगदान है और राज्य के विकास में सभी का सहयोग है। मुख्यमंत्री धामी ने सैनिक कल्याण की अनुग्रह राशि 10 लाख से 50 लाख करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सैनिक कल्याण विभाग का पुनर्गठन किया जायेगा। उन्होंने युद्ध में शहीद सैनिको के आवास की राशि 2 लाख से 5 लाख की। उन्होंने कहाँ कि देवभूमि उत्तराखंड सैन्य भूमि है और देश की रक्षा में उत्तराखंड के वीर सैनिको का अपना स्थान है।

उनके आगमन पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक बंशीधर भगत, जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह, मंडी परिषद अध्यक्ष डॉ अनिल कपूर (डब्बू), दर्जा राज्य मंत्री शंकर कोरंगा, सुरेश भट्ट, नवीन वर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल,बिर्गेडियर संजय कुमार, आर एस थापा, आयुक्त कुमाऊँ दीपक रावत, जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल मंजूनाथ टी.सी. संग अन्य कार्यकर्ता एवं अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।



### रामनगर में जन वन महोत्सव का शुभारंभ

देश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को रामनगर करेंगे। राज्य स्थापना की रजत जयंती पर वन विभाग उत्तराखंड की ओर से होने वाले जन वन महोत्सव में वे मुख्य अतिथि रहेंगे। बता दें कि रामनगर में जन वन महोत्सव नगर वन में आयोजित किया जा रहा है। कुमाऊं स्तरीय इस महोत्सव में वन्य जीव संरक्षण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्कूल के बच्चों की ओर से भी वन्य जीवों से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा पेंटिंग का आयोजन भी किया जाएगा। इसके बाद महोत्सव को मुख्यमंत्री धामी जन वन महोत्सव का महत्व बताते हुए संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री रामनगर में अपरान्ह तक पहुंचेंगे। करीब एक घंटा वह कार्यक्रम में शामिल होंगे।

... शहर में आज रहेगा यातायात..पेज 3 पर

## बैंक और बंधक संपत्ति को लेकर विवाद, व्यापारी ने न्यायालय में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की

**हल्द्वानी** हमारे संवाददाता

**हड़कंप**
- विक्रेता की मिलीभगत से हुआ 1.65 करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान
- बैंक अधिकारियों के खिलाफ एफआईआरदर्ज करने की मांग

हल्द्वानी निवासी व्यापारी लखवीर सिंह चण्डोक ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी में प्रार्थना पत्र दाखिल कर कहा है कि उन्हें उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक और संपत्ति विक्रेता धनन्जय गिरी के साथ मिलीभगत के कारण करोड़ों का आर्थिक नुकसान हुआ है।

मामला फौजदारी वाद संख्या 2148/25 के तहत दर्ज किया गया है। पीड़ित लखवीर सिंह चंडोक ने बताया कि उन्होंने हल्द्वानी खास के खसरा नं0-403 पर निर्मित एक बहुमंजलीय व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स के भूतल और प्रथम तल की दो दुकानें खरीदी थीं। दोनों दुकानों का कुल क्षेत्रफल 40.33 वर्ग मीटर . 40.33 वर्ग मीटर था और उन्होंने 23,75,000/- रुपये प्रति दुकान के हिसाब से कुल 47,50,000/- रुपये भुगतान किया।

आरोप है कि संपत्ति खरीदते समय विक्रेता धनन्जय गिरी ने उन्हें भरोसा दिलाया कि संपत्ति पाक-साफ और बंधक-मुक्त है। लेकिन वर्ष 2023 में बैंक ने कॉम्प्लेक्स को सील कर दिया। उन्होंने दावा किया कि बैंक ने संपत्ति में बंधक होने की जानकारी खतौनी या रजिस्ट्रार ऑफिस में दर्ज नहीं की, जिससे उन्हें 1.65 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

लखवीर सिंह ने बताया कि बैंक और धनन्जय गिरी के बीच मिलीभगत के कारण उनके साथ धोखाधड़ी हुई। उन्होंने कई बार समाधान की कोशिश की, लेकिन बैंक ने सील हटाने या ओटीएस प्रक्रिया में सहयोग नहीं किया। उन्होंने 6 मई 2025 को मामले की रिपोर्ट थाना हल्द्वानी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल को भेजी थी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने न्यायालय से थाना हल्द्वानी को निर्देशित करने और धनन्जय गिरी तथा बैंक अधिकारियों के खिलाफ एफआईआरदर्ज करने की मांग की है।

## सड़क हादसे में घायल अधेड़ की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

**हल्द्वानी** हमारे संवाददाता

**हादसा**
- बाइक सवार ने साइकिल सवार अधेड़ को मारी थी टक्कर

बुधवार की देर रात पंचायत घर चौराहा से आरटीओ को जाने वाली सड़क पर गलत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने साइकिल सवार अधेड़ को टक्कर मार दी। इससे अधेड़ के सिर में बुरी तरह चोट लग गई। घायल अधेड़ को एसटीएच भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान बुधवार रात एक बजे उनकी मौत हो गई।

मूल रूप से रामपुर तहसील मिलख निवासी 47 वर्षीय परशुराम कश्यप अपने परिवार के साथ पंचायत घर स्थित बैरापोखरा में रहते थे। उनका बेटा अजय कश्यप चाऊमीन का ठेला लगाता है। रामपुर रोड स्थित बुध बाजार में भी वह चाऊमीन का ठेला लगाने जाते हैं। बुधवार की रात उनका बेटा ठेला लेकर घर को वापस आ रहा था। उसके पीछे ही परशुराम भी अपनी साइकिल से आ रहे थे। इस बीच गलत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने उनको टक्कर मार दी। रात साढ़े नौ बजे हुए हादसे में परशुराम के सिर में चोट लग गई। आनन फानन में उन्हें डा. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। परशुराम अपने पीछे पत्नी सोमा देवी संग चार बच्चे छोड़ गए।

## अफीम के साथ गैंगस्टर समेत दो नशे के सौदागरों को किया गिरफ्तार

**किच्छा** हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**
- बहेड़ी से अफीम लेकर किच्छा पहुंचे थे तस्कर

किच्छा में पुलिस और एसटीएफ ने तीन किलो अफीम के साथ नशे के दो सौदागरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर बहेड़ी के रहने वाले हैं जिसमें एक बहेड़ी थाने का गैंगस्टर है।

किच्छा में पुलिस और एसटीएफ ने तीन किलो अफीम के साथ नशे के दो सौदागरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर बहेड़ी के रहने वाले हैं जिसमें एक बहेड़ी थाने का गैंगस्टर है। तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बुधवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को किच्छा पुलिस व एसटीएफ ने



संयुक्त टीम से इंस्पेक्टर एमपी सिंह के नेतृत्व में दरऊ चौकी क्षेत्र में दबिश दी। गिद्धपुरी को जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन फ्लोर मिल के पास टीम को देखकर बाइक सवार दो युवक भागने की कोशिश करने लगे। घेराबंदी कर युवकों को पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर बाइक सवारों के पास से 3.08 किलो अफीम बरामद हुई। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम ग्राम बहीपुर, थाना बहेड़ी निवासी सलीम व शेर मोहम्मद बताया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि अफीम को बहेड़ी से लेकर आ रहे थे। यहां किसी व्यक्ति को उसकी सप्लाई करनी थी।

एसएसपी ने बताया कि दोनों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया है। सलीम पर बहेड़ी थाने में 40 लाख रुपये की डकैती व गैंगस्टर समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

# इंटीग्रेटेड डायग्नॉस्टिक्स फॉर जूनोटिक थ्रेट्स प्रशिक्षण

**नैनीताल/धारी**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान मुक्तेश्वर में इंटीग्रेटेड डायग्नॉस्टिकस फॉर जूनोटिक थ्रेट्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को हुआ।

बता दें कि मुक्तेश्वर के भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आई सी एम आर) द्वारा प्रायोजित इंटीग्रेटेड डायग्नॉस्टिकस फॉर जूनोटिक थ्रेट्स ए वन हेल्थ कैपेसिटी.बिल्डिंग हैंड्स.ऑन ट्रेनिंग नामक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान आईसीआर आईवीआरआई मुक्तेश्वर कैंपस में किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए 300 चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुखय अतिथि प्रो. सुरेश एस हॉन्न पागोल (पूर्व पशुपालन आयुक्त कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय) भारत सरकार ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों को उन्नत निदान तकनीकों के विकास पर विचार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रोगों की शीघ्र पहचान के लिए श्रैपिड डायग्नोस्टिक किट्स का विकास समय की आवश्यकता है जो न केवल रोगों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान करने में सहायक होंगी बल्कि प्रभावी नियंत्रण रणनीति तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। .



**शुभारंभ**

- भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान मुक्तेश्वर की पहल

उन्होंने युवाओं से अपेक्षा की कि वे इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने व्यावहारिक कार्यों में लागू कर समाज एवं राष्ट्र के स्वास्थ्य सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ बनाएं।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संयुक्त निदेशकए मुक्तेश्वर कैंपस डॉ. वाई पी एस मलिक ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम की तकनीकी रूपरेखा इस प्रकार तैयार की गई हैए जिसमें सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव का संतुलित समावेश है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य वैज्ञानिकोंए शिक्षाविदों और युवा शोधकर्ताओं के बीच ज्ञान, विनिमयए कौशल, वृद्धि और अंतरविषयक सहयोग को प्रोत्साहित करना है। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. एम स्वामीनाथन ने बताया कि इस प्रशिक्षण हेतु देशभर से 500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 300 प्रतिभागियों का चयन किया गया। ये प्रतिभागी सामान्य एवं पशु चिकित्सा माइक्रोबायोलॉजी, जनस्वास्थ्य, महामारी विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी तथा मत्स्य विज्ञान और रसायन विज्ञान जैसे विविध विषयों से हैं। कार्यक्रम का संचालन पाठ्यक्रम समवन्यक डॉ. विशाल चंदर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन पाठ्यक्रम समवन्यक डॉ. अशुतोष फूलर द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डॉ अर्नब सेन (प्रभारी आईवीआरआई कोलकाता परिसर) डॉ शैलेंद्र सकसेना उप डीन केजीएमयू लखनऊ, डॉ. वी बालामुरगन विशेषज्ञ आईसी आर नआईवीईडीआई बेंगलुरु, डॉ. हरमनप्रीत कौर (सहायक प्रोफेसर) एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा, डॉ. अमित कुमार, डॉ.सी एल पटेल सहित अनेक वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## NEWS / फटाफट

### राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी पौधारोपण अभियान



**नैनीताल।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बुधवार को 478 वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 478 वें दिन पिथौरागढ़ में मां हिंगला देवी मंदिर परिसर में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण अभियान प्रतिदिन जारी है।

### कूटा ने समाजसेवी उमा पंत के निधन पर जताया शोक



**नैनीताल।** कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) ने नैनीताल की सूखाताल निवासी समाजसेवी 84 वर्षीय उमा पंत के निधन पर गहरा द:ख जताया है। कूटा के मुताबिक पंकज पंत की माताजी तथा स्वर्गीय के सी पंत की धर्म पत्नी उमा पंत पिछले कुछ समय से बीमार थी तथा वर्तमान में देहरादून में अपनी बेटी के पास रह रही थी । उनका अंतिम संस्कार हरिद्वार के खडखड़ी घाट में बुधवार को किया गया। सरल व्यक्तित्व की धनी उमा पंत की दो पुत्रियों तथा एक पुत्र हैं । कुमाऊं विश्वद्यालय शिक्षक संघ कूटा की तरफ से प्रो. ललित तिवारी, प्रो. नीलू लोधियाल, डॉ. दीपक, डॉ. विजय कुमार, डॉ.संतोष कुमार, डॉ.पैनी जोशी, डॉ.उमंग, डॉ.अनिल बिष्ट, डॉ.दीपिका पंत सहित श्री राम सेवक सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी एवं टीका सिंह व ललित ढौंडियाल व जीवन करगेती ने गहरा दु:ख व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी है।

### नैनीताल में दो झगड़ों में चार के सिर फूटे

**नैनीताल।** शहर के मल्लीताल क्षेत्र में दो अलग-अलग झगड़ों में चार लोग चोटिल हो गए। सुबह दोनों मामलों के लोग एक दूसरे पर कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंच गए। फिलहाल दोनों मामलों में शिकायत के बाद पुलिस मामलों की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक मल्लीताल निवासी मोहमद शाहरुख ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि बीती देर रात वह कालाढूंगी से लौट रहे थे। बारापत्थर में उनका वाहन खराब हो गया तो उन्होंने वहां खड़े तीन युवकों से वाहन में धक्का लगाने को लेकर मदद मांगी। यह सुन युवक गाली गलौच करने लगे। किसी तरह वाहन लेकर वह अपनी दुकान में आ गए। देर रात तीनों युवक उसकी दुकान में पहुंचे व मारपीट शुरु कर दी। मारपीट में वह और उसका साथी मोहमद फैसल चोटिल हो गए। वहीं दूसरे मामले में गाड़ी पड़ाव के समीप क्षेत्र निवासी नीरज कांडपाल व गौरव बिष्ट के बीच मारपीट हो गई, जिसमें दोनों के सिर में गंभीर चोटे आई हैं। बुधवार को दोनों मामलों के लोग कोतवाली में एक दूसरे पर कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। मामले में एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि फिलहाल दोनों मामलों में जांच की जा रही है।

### युवक पर युवती को भगाकर ले जाने के आरोप

**नैनीताल।** शहर के मल्लीताल कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने युवक पर उसकी 19 वर्षीय बेटी को भगाकर ले जाने के आरोप लगाए हैं। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मल्लीताल निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि उनकी 19 वर्षीय बेटी दो नवंबर से घर से लापता है। बेटी लंबे समय से रामपुर स्वार के रहने वाले युवक के संपर्क में थी। जो बहला फुसला कर उनकी बेटी को भगा कर ले गया है। युवक पहले भी अपनी बाइक से नैनीताल आता था और बेटी को स्कूल के बाहर मिलता था। बेटी के गुम होने के बाद जब उन्होंने युवक के भाई से संपर्क किया तो उसने ऐसी किसी बात से इनकार कर दिया। जिससे स्पष्ट होता है कि युवक के परिजन भी उसका साथ दे रहे है। मामले में एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि तहरीर के आधार पर फैजान फ ारुखी के विरुद्ध बीएनएस की धारा-87 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच के साथ ही युवती की तलाश की जा रही है।



# प्रथम कुमाऊं कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचा किलर क्लब

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के ऐतिहासिक फैलट्स मैदान में नगर पालिका मनोरंजन कलब द्वारा आयोजित प्रथम कुमाऊं कप फुटबॉल प्रतियोगिता में बुधवार को चौथा क्वाटर फाइनल मुकाबला किलर्स फुटबॉल कलब व न्यू चैलेंजर के मध्य खेला गया जिसमें किलर्स ने 2-1 अंकों से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता में बतौर मुखय अतिथि दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा ने खिलाडि़यों का परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में देवेंद्र बोरा तथा अयूब खान व पवन ने रेफ री की भूमिका निभाई। इस दौरान सभासद गजाला कमाल व भगवत सिंह रावत व काजल आर्य समेत रमेश प्रसाद के साथ ही मोहन चिलवाल व अनिल कटियार तथा गोपाल सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# नैनीताल में धूमधाम से मना श्री गुरुनानक देव का 556वां प्रकाश पर्व

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल में बुधवार को श्री गुरुनानक देवजी का 556वां प्रकाश पर्व बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब मल्लीताल में विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। पूरे गुरुद्वारा परिसर को फूलों की मालाओं और रंग बिरंगी लडि़यों से सजाया गया जिसकी झिलमिलाहट शाम के समय बेहद मनमोहक दिखाई दे रही थी।

बता दें कि प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बीते तीन दिनों से शहर में प्रभातफेरी निकाली जा रही थीं। बुधवार सुबह गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ साहिब का भोग पड़े गए जिसके बाद श्रद्धालुओं ने कीर्तन दरबार में सहभागिता की। कार्यक्रम में वीर पारस सिंह और लुधियाना से पधारी बीबी सिमरन कौर ने अपनी सुरीली आवाज में गुरु वाणी कीर्तन प्रस्तुत किए । दोपहर में गुरु का लंगर आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संखया में श्रद्धालुओं ने लंगर चका। रात्रि में आतिशबाजी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जोगिंदर सिंह आनंद व जीत सिंह आनंद व अमनप्रीत सिंह व यशपाल सिंह तथा संदीप सिंह व जसमीत सिंह व गगनदीप सिंह व जसकरण सिंह व सतनाम सिंह व अमरजीत सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
**-संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# राज्य आंदोलनकारियों ने की की पेंशन बढ़ाने की मांग

**उत्तरकाशी**

**हमारे संवाददाता**

चिह्नित उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी समिति मोरी ने राज्य आंदोलनकारियों की चार सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित किया। साथ ही मांगों का निस्तारण जल्द नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

समिति के अध्यक्ष विपिन सिंह चौहान, प्रमोद सिंह रावत, प्रताप सिंह चौहान, अनिल कुमार राणा, हरीश रावत ने कहा कि सीएम कार्यालय में आंदोलनकारियों से जुड़ी कई मांगें स्वीकृत हुई है जिसके लिए संगठन सीएम का आभार व्यक्त करता है। कुछ महत्वपूर्ण मांगें अभी भी लंबित है जिन पर जल्द ही निर्णय आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने राज्य आंदोलनकारी शब्द को विधानसभा से पारित कर 'उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी' के रूप में परिभाषित किया जाए। सभी चिह्नित राज्य आंदोलनकारियों को 20 हजार प्रतिमाह समान सम्मान पेंशन प्रदान की जाए, आंदोलनकारियों के लिए सरकार के सभी गेस्ट हाउसों व होटलों में निशुल्क या सरकारी दरों पर ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

साथ ही वंचित वास्तविक आंदोलनकारियों के चिह्नीकरण के लिए शासन स्तर पर तिथि बढ़ाकर अंतिम बार अवसर दिया जाए जिसके बाद चिह्नीकरण प्रक्रिया स्थायी रूप से समाप्त की जाए। संगठन ने सीएम से मांग की है कि उत्तराखंड राज्य गठन की रजत जयंती पर इन मांगों को स्वीकृति प्रदान कर शहीदों के सपनों को साकार करने की दिशा में कदम उठाए।

# सीएम आंचल अमृत योजना में सप्लाई हुए अस्पष्ट तिथि वाले दूध पाउडर की जांच शुरू

**अल्मोड़ा**

**हमारे संवाददाता**

सीएम आंचल अमृत योजना के अंतर्गत संकुल संसाधन केंद्रों में वितरित किए जा रहे अस्पष्ट तिथि वाले दूध पाउडर के संबंध में प्रशासन सक्रिय हो गया है। डीएम अंशुल सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच समिति का गठन कर दिया है।

एसडीएम सदर संजय कुमार ने बताया कि उनके नेतृत्व में एक समिति बनाई गई, जिसने संकुल संसाधन केंद्रों में पहुंचे दूध पाउडर की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। जांच समिति मे क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी गोविंद प्रसाद, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार, जीएम आंचल डेयरी पुष्कर सिंह नगरकोटी शामिल हैं। जीएम आंचल डेयरी पुष्कर सिंह नगरकोटी ने बताया कि अस्पष्ट तिथि वाले सभी दूध पैकेटों को संकुल संसाधन केंद्रों से रिकॉल कर यूसीडीएफ दुग्ध पाउडर निर्माण इकाई रुद्रपुर को वापस भेज दिया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय सयालीधार से प्राप्त एक किलोग्राम और 500 ग्राम के दूध पाउडर पैकेटों के नमूने लेकर उन्हें राजकीय खाद्य एवं औषधि विश्लेषण शाला रुद्रपुर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



एसडीएम संजय कुमार ने जीएम आंचल डेयरी को भविष्य में किसी भी प्रकार के दूध उत्पाद को स्टोर से वितरण से पहले पूरी तरह से लेबलिंग, तिथि और गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित की करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने सीईओ अंशुल सिंह ने मुख्य शिक्षाधिकारी को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और वितरण केंद्रों को खाद्य सामग्री की प्राप्ति से पूर्व लेबलिंग, निर्माण और उपयोग तिथि की सावधानीपूर्वक जांच की जाए और उसका रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से रखा जाए।

# अभिमत

## हैट्रिक की तैयारी

*पार्टी हाईकमान के रुख से माना जा रहा है कि खास रणनीति के तहत मौजूदा विधायकों में से कई के टिकट काटते हुए नये चेहरों को मौका दिया जा सकता है। ज्यादातर लोगों का मानना है कि चुनाव में टिकट जिताऊ नेता को दिया जाता है। धनबली और बाहुबली हर पार्टी में हैं। भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी के चयन का ठोस पैमाना तय किया गया है, जिसके तहत जनभावनाओं पर खरा उतरने वाले को ही पार्टी का चेहरा बनाया जायेगा। इस कसौटी पर खरा उतरना बहुत कठिन है।*

उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में लगातार दो बार जीत कर भारतीय जनता पार्टी सत्ता में है। वर्ष 2027 के फरवरी-मार्च में विधानसभा चुनाव होंगे। भाजपा चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में है। पार्टी ने मिशन 2027 के लिए संभावित उम्मीदवारों के संबंध में पहले चरण का सर्वे बहुत पहले शुरू कर दिया था। वर्तमान में पार्टी के विधायकों के क्षेत्र में विशेष रुप से स्थिति का आकलन किया जा रहा है। पार्टी संगठन के पदाधिकारी अब जमीनी स्तर के कार्यकर्ता से वर्तमान विधायकों के बारे में जनता के मन को टटोल रहे हैं। प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप देने से पहले दो ओर चरण का सर्वे किया जायेगा। ऐसी स्थिति में सिटिंग एमएलए में से कुछ का पत्ता साफ होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर महेन्द्र भट्ट ने दोबारा ताजपोशी होने पर अपनी टीम का ऐलान करते ही विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दर्जनों नेताओं को दायित्व सौंपते हुए कहा था कि दायित्वधारियों को विधानसभा चुनाव के लिए टिकट की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। दायित्वधारियों की जिम्मेदारी है कि वह अपने क्षेत्र में विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए अभी से जुट जायें। पार्टी हाईकमान के रुख से माना जा रहा है कि खास रणनीति के तहत मौजूदा विधायकों में से कई के टिकट काटते हुए नये चेहरों को मौका दिया जा सकता है। ज्यादातर लोगों का मानना है कि चुनाव में टिकट जिताऊ नेता को दिया जाता है। धनबली और बाहुबली हर पार्टी में हैं। भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी के चयन का ठोस पैमाना तय किया गया है, जिसके तहत जनभावनाओं पर खरा उतरने वाले को ही पार्टी का चेहरा बनाया जायेगा। इस कसौटी पर खरा उतरना बहुत कठिन है। वर्तमान विधायकों के साथ ही दर्जनों अन्य दावेदारों ने बहुत पहले ही पार्टी हाईकमान के दिग्गजों की परिक्रमा करना शुरू कर दी है। दरअसल सभी पार्टियों के वर्तमान सांसदों और विधायकों में से अनेक जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। आपराधिक मामलों वाले नेताओं से राजनीति में विकृति आना स्वाभाविक है। उत्तराखंड विधानसभा के वर्ष 2022 के चुनाव में भाजपा सत्ता में दोबारा जरूर आ गई थी, लेकिन उसकी सीटें घट गई थीं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी पराजित हो गये थे। उपचुनाव में जीतकर पुनः सत्ता में हैं। अगले चुनाव मुख्यमंत्री धामी की अग्निपरीक्षा से कम नहीं होंगे।

# रंगोत्सव अंतर विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक के सहयोग से आयोजित रंगोत्सव अंतर विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को लेक सिटी वेलफेयर कलब द्वारा शैले हाल में आयोजित किया गया।

इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में शहर के 14 स्कूलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में निर्मला एकेडमी गेठिया प्रथम जबकि लॉन्ग व्यू पबलिक स्कूल नैनीताल द्वितीय एवं मोहन लाल शाह बाल विद्या मंदिर एवं सेंट जॉन्स पबलिक स्कूल नैनीताल तृतीय रहा जबकि सीनियर वर्ग में मोहनलाल साह बाल विद्या मंदिर प्रथम वहीं रामा मोंटेसरी द्वितीय एवं लॉन्ग व्यू पबलिक स्कूल तृतीय रहा।

प्रतियोगिता में सीआरएसटी इंटर कॉलेज, भारतीय शहिद सैनिक विद्यालय तथा राधा चिल्ड्रन एकेडमी नैनीताल को सात्वना पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा लॉन्ग व्यू पबलिक स्कूल नैनीताल को बेस्ट कोरियोग्राफी, निर्मला एकेडमी गेठिया को बेस्ट थीम जबकि रामा मांटेसरी पबलिक स्कूल नैनीताल को बेस्ट ड्रेस वहीं मोहन लाल शाह बाल विद्या मंदिर को बेस्ट आउटस्टैंडिंग एवं सेंट जॉन्स को अनुशासित टीम का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता ने कहा लेक सिटी वेलफेयर कलब ने जिस प्रकार अंतर विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया वह एक सराहनी प्रयास है,बोले कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में हमें विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक देखने को मिली जिससे हम उनकी संस्कृति से रूबरू हुए, उन्होंने लेक सिटी कलब के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के निर्णायक सुश्री अल्पना, मदन सिंह मेहरा एवं अनिल कुमार रहे। कलब की अध्यक्ष आभा शाह तथा कार्यक्रम संयोजक दीपिका बिनवाल व सचिव सरिता त्रिपाठी समेत रमा भट्ट व कविता त्रिपाठी व हेमा भट्ट तथा रानी शाह व ज्योति डीढियाल तथा डा. प्रगति जैन समेत प्रेमा अधिकारी व ज्योति वर्मा व कंचन जोशी के साथ ही रेखा पंत व अमिता शाह तथा भावना शाह व वंदना जोशी के साथ ही सविता कुलारा व दया कुंवर तथा मानसी गर्ग आदि सदस्य उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी कीर्ति ने किया।

## भवाली में सड़क की खस्ता हालत पर धरना प्रदर्शन करेंगे समाजसेवी

**धारी ।** नैनीताल जिले के भीमताल क्षेत्र की खस्ताहाल मोटर मार्गो को लेकर जल्द भवाली लोनिवि में समाजसेवी धरना प्रदर्शन करेंगे।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राकेश ब्रजवासी ने बताया कि जंगलियागांव बूढ़ा धुरा मोटर मार्ग में तीन चार हादसे हो गए हैं। मार्ग की सुध किसी ने नहीं ली। कहा कि अलचोना मोटर मार्ग में भी डामरिकरण नहीं हुआ है। खनसयू सड़क भी खस्ताहाल है। कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी सुध लेनी चाहिए जिससे मार्गो को दुरुस्त किया जा सके। कहा कि जनप्रतिनिधि स्वास्थ्य तथा शिक्षा व सड़क को लेकर आवाज उठाए जिससे ग्रामीणों को भी मूलभूत सुविधा मिल सके। कहा जल्द मोयर मार्ग व डामरीकरण के लिए भवाली लोनिवि में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी जिमेदारी विभाग की होगी।

# शहर में आज रहेगा यातायात डायवर्जन प्लान

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखण्ड रजत जयन्ती-के उपलक्ष्य में आज, 6 नवंबर को एमबी इंटर कॉलेज मैदान में पूर्व सैनिक कल्याण समिति के विशाल सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य कार्यक्रम के कारण नैनीताल पुलिस ने शहर में सुचारू यातायात बनाए रखने के लिए विस्तृत रूट/डायवर्जन प्लान लागू किया है। यह प्लान आज सुबह 09 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। यदि आप हल्द्वानी में हैं या यहाँ से गुजर रहे हैं, तो घर से निकलने से पहले इन बदले हुए मार्गों की जानकारी अवश्य ले लें, ताकि आप ट्रैफिक जाम से बच सकें रोडवेज और बसों का डायवर्जन रामपुर/बरेली रोड से बसें- इन मार्गों से आने वाली रोडवेज बसें होण्डा शोरूम तिराहा से मंगलपड़ाव होते हुए रोडवेज स्टेशन तक आ सकेंगी। पर्वतीय क्षेत्र से बसें- ये बसें नारीमन तिराहा से तिकोनिया चौराहा से नैनीताल बैंक होते हुए रोडवेज आएंगी। कालाढूंगी रोड से बसें- ये मुखानी चौराहा, अर्बन बैंक तिराहा से होते हुए रोडवेज तक पहुँचेंगी। पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाली बसें- रोडवेज पूर्वी गेट से ताज चौराहा होते हुए गौलापुल और फिर गौलापार रोड से नारीमन तिराहा होते हुए गंतव्य को जाएंगी।

### छोटे वाहनों के लिए वैकल्पिक रूट

छोटे वाहनों के लिए भी कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। बरेली रोड से आने वाले छोटे वाहन तीनपानी फ्लाईओवर से गौलापार रोड होते हुए या फिर गांधी इंटर कॉलेज तिराहा, एफटीआई तिराहा, आईटीआई तिराहा होते हुए मुखानी चौराहा से अपने गंतव्य को जा सकेंगे। रामपुर रोड से आने वाले छोटे वाहन पंचायत घर से डायवर्ट होकर आरटीओ/छड़ैल रोड का उपयोग करेंगे। [यातायात नियमों के बारे में अधिक जानने के लिए यातायात पुलिस की वेबसाइट देखें ]जीरो जोन और पार्किंग व्यवस्था एमबी इंटर कॉलेज मैदान के आसपास कई क्षेत्रों को जीरो जोन घोषित किया गया है। दोनहरिया तिराहा, पानी की टंकी तिराहा, कलावती चौराहा (अटल रोड) और तिकोनिया चौराहा से कुल्यालपुरा चौराहा की ओर वाहनों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा।

सम्मेलन में शामिल होने वाली बसों के लिए पार्किंग की व्यवस्था ठंडी सड़क/वुड पैकर के पीछे, श्री श्री गणपति बैंकेट हॉल, सैंकेट हार्ट स्कूल और पनचक्की के पास खाली प्लॉट में की गई है। पूर्व सैनिकों के चौपहिया वाहनों को एमबी डिग्री कॉलेज ग्राउण्ड, शिव सुन्दरम बैंकेट हॉल और नैनीताल रोड के वार्यी ओर पार्क किया जाएगा।

# फिल्मी दुनिया

## प्रियंका चोपड़ा ने न्यूयॉर्क के नए मेयर को दी बधाई





*ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में न्यू यॉर्क के नए मेयर जोहरान ममदानी को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर पीसी का पोस्ट अब वायरल हो रहा है। भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने इतिहास रचते हुए न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम और सबसे कम उम्र के मेयर बनने का गौरव हासिल किया है। इस उपलब्धि पर बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें बधाई दी और इस पल को 'ऐतिहासिक' करार दिया। ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर ज़ोहरान की जीत का जश्न मनाते हुए लिखा- बहुत बहुत बधाई जोहरान ममदानी जी। न्यू यॉर्क के 111वें मेयर बनने के लिए। आपने इतिहास रच दिया। बहुत बहुत शुभकामनाएं। इस नोट में उन्होंने जोहरान की मां और प्रसिद्ध फिल्मकार मीरा नायर को भी शुभकामनाएं दीं। जोहरान ममदानी की जीत न सिर्फ न्यूयॉर्क सिटी के लिए बल्कि भारतीय समुदाय और मुस्लिम समाज के लिए भी गर्व का क्षण है। 34 वर्षीय जोहरान अब तक के सबसे युवा मेयर बने हैं। उन्होंने चुनाव के बाद समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह जीत सिर्फ उनकी नहीं, बल्कि उन सभी प्रवासी परिवारों की है जिन्होंने सपनों की इस धरती पर अपनी मेहनत और ईमानदारी से पहचान बनाई है।*

### जोहरान ममदानी का सफर

*जोहरान का सफर बेहद प्रेरणादायक रहा है। उनका जन्म युगांडा के कंपाला में हुआ था। उनके पिता महमूद ममदानी एक प्रसिद्ध भारतीय मूल के विद्वान हैं, जबकि मां मीरा नायर विश्वप्रसिद्ध फिल्म निर्देशक हैं। ज़ोहरान ने बचपन का कुछ समय दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में बिताया, और बाद में उनका परिवार न्यूयॉर्क सिटी में बस गया। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई न्यूयॉर्क के बैंक स्ट्रीट स्कूल से की और ब्रॉन्क्स हाई स्कूल ऑफ साइंस से उच्च शिक्षा प्राप्त की। 2014 में उन्होंने बोवडॉइन कॉलेज से अफ्रिकाना स्टडीज में डिग्री हासिल की। राजनीति में जोहरान का कदम भी समाजसेवा की भावना से जुड़ा रहा है। उन्होंने न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य के रूप में कार्य करते हुए आव्रजन, शिक्षा और सामाजिक समानता के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाई। उनकी जमीनी छवि और युवा सोच ने उन्हें आम जनता के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया।*

# पिता की मौत पर नहीं हुई कार्रवाई बेटे ने ली न्यायालय की शरण

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी निवासी दर्शन कुमार ने अपने पिता की संदिग्ध मृत्यु के मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर न्यायालय की शरण ली है। दर्शन कुमार ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी न्यायालयमें प्रार्थना पत्र दाखिल कर थाना हल्द्वानी को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिए जाने की मांग की है।

मामला फौजदारी वाद संख्या 435 सन 2025 के रूप में पंजीकृत हुआ है। प्रार्थी के अनुसार, दिनांक 5 जुलाई 2025 को उनके पिता हरीश चन्द्र, अपनी साली के इलाज हेतु अन्य परिजनों के साथ डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी आए थे। मरीज के डिस्चार्ज होने के बाद सभी परिजन 7 जुलाई 2025 को घर लौट गए, लेकिन हरीश चन्द्र वापस नहीं आए और उनकी कोई जानकारी नहीं दी गई। दर्शन कुमार ने बताया कि उन्होंने 8 जुलाई 2025 को थाना हल्द्वानी में अपने पिता की गुमशुदगी की सूचना दी थी, लेकिन पुलिस ने केवल आश्वासन दिया और कोई लिखित प्राप्ति नहीं दी। खोजबीन के दौरान 10 जुलाई 2025 को उनके पिता का मृत शरीर शान्तिपुरी क्षेत्र में मिला, जिसे रुद्रपुर मोर्चरी में रखा गया था। प्रार्थी ने आरोप लगाया है कि उनके पिता की हत्या पुष्पा देवी, गोपाल राम, लक्ष्मण राम, दीपा देवी, नवीन चन्द्र और नन्दराम द्वारा आपसी मिलीभगत और साजिश के तहत की गई है।

इस संबंध में उन्होंने 22 जुलाई 2025 को पुनः थाना हल्द्वानी को लिखित सूचना दी थी, परंतु पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जब दो बार सूचना देने के बावजूद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई, तो प्रार्थी ने 20 अगस्त 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल को पत्र भेजकर शिकायत की। इसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई।

अंतत:, न्याय न मिलने पर दर्शन कुमार ने न्यायालय में धारा 175(3) बीएनएसएस के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया है। उसने न्यायालय से अनुरोध किया है कि थाना हल्द्वानी को निर्देशित किया जाए कि 22 जुलाई 2025 को दी गई प्रथम सूचना को विधिवत दर्ज कर कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की जाए।

## News कॉर्नर

### आंदोलनकारी चौखुटिया पहुंचे, आज होगा फैसला

**अल्मोड़ा।** ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग को लेकर ऑपरेशन स्वास्थ्य आंदोलन के तहत पद यात्रा पर निकले आंदोलनकारी बुधवार को चौखुटिया पहुंचे। देहरादून में मुख्यमंत्री से वार्ता के बाद उनका स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने जोरदार स्वागत किया। आंदोलनकारियों ने बताया कि खराब स्वास्थ्य सुविधाओं के खिलाफ यह जनजागरण अब निर्णायक मोड़ पर है। मुख्य संयोजक भुवन कठायत ने कहा जब तक ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलतीं, यह संघर्ष जारी रहेगा। बृहस्पतिवार को चौखुटिया में आंदोलन की आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में तय होगा कि आंदोलन को देहरादून कूच किया जाए या स्थानीय स्तर पर और तेज किया जाए। कठायत ने बताया कि सभी सहभागियों को बुलाकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने आंदोलनकारियों के साहस और प्रयासों की सराहना की और उनका सहयोग देने का भरोसा जताया।

### गेवाड़ विकास समिति का शिष्टमंडल डीएम से मिला

**अल्मोड़ा।** गेवाड़ विकास समिति, चौखुटिया का प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से मुलाकात की। इस दौरान समिति ने 14 सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग की। बुधवार को गेवाड़ विकास समिति के लोगों ने गजेंद्र नेगी, हीरा बिष्ट, बुद्धि सिंह बिष्ट और जसवंत सिंह के नेतृत्व में डीएम अंशुल सिंह से मुलाकात की। उन्होंने तड़ागताल झील को वेटलैंड से मुक्त रखने की आवश्यकता। उन्होंने एसएच 33 बाखली-गोदी-खीड़ा-बछुवाबांण मोटर मार्ग का सुधार और डामरीकरण। तड़ागताल-खौला से बागेश्वर तक मोटर मार्ग का निर्माण। विकास खंड चौखुटिया की नई स्वीकृत सड़कों में देरी, क्योंकि सिविल स्वाम भूमि उपलब्ध नहीं हो रही। रामपुर-कुनिगाड़ मोटर मार्ग में पैचवर्क और डामरीकरण। तड़ागताल, खीड़ा और खजुरानी में मोबाइल नेटवर्क की समस्या से निजात दिलाने की मांग की।

# हाइड्रोपोनिकस एवं बायो ब्लॉक तकनीक प्रयोगशालाओं का लोकार्पण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के डीएसबी परिसर में बुधवार को एक उल्लेखनीय वैज्ञानिक उपलबधि दर्ज करते हुए हाइड्रोपोनिकस तकनीक एवं बायो फ्बलॉक फि श तकनीक प्रयोगशालाओं का लोकार्पण उत्तराखंड के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया।

अपने संबोधन में डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि ये दोनों तकनीकें न केवल कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के लिए बल्कि पूरे उत्तराखंड राज्य के लिए मील का पत्थर सिद्ध होंगी। उन्होंने कहा कि हाइड्रोपोनिकस खेती और बायो



फ्बलॉक मत्स्य पालन जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से हमारे युवा कृषि एवं मत्स्य उत्पादन में नवाचार लाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँगे। डॉ. धन सिंह रावत ने इन दोनों प्रयोगशालाओं को सतत विकास तथा वैज्ञानिक नवाचार और रोजगार सृजन के उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि हाइड्रोपोनिकस तकनीक मिट्टी के बिना खेती की एक उन्नत प्रणाली है जिसमें पौधों को पोषक तत्वों से युक्त जल में उगाया जाता है। यह तकनीक कम पानी तथा अधिक उत्पादन और सीमित भूमि में खेती के लिए अत्यंत उपयोगी है वहीं बायो बलॉक तकनीक जल संरक्षण तथा प्रदूषण नियंत्रण तथा मछली उत्पादन में वृद्धि की दिशा में एक आधुनिक और पर्यावरण संवेदनशील विधि है। डॉ धन सिंह रावत ने विश्वविद्यालय परिवार को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय में हो रहे ये नवाचार उत्तराखंड को हरित तथा आत्मनिर्भर और प्रगतिशील राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत ने बताया कि ये प्रयोगशालाएँ एक राज्य सहायता निधि और दूसरी विश्वविद्यालय निधि के अंतर्गत स्थापित की गई हैं। उन्होंने कहा कि ये पहल न केवल विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और अनुसंधान का अवसर प्रदान करेंगी बल्कि उन्हें वैज्ञानिक नवाचार और उद्यमिता की दिशा में भी प्रेरित करेंगी। कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया जबकि कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ललित तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर नीति बोरा शर्मा (निदेशक डीएसबी परिसर नैनीताल) समेत प्रो. एच सी एस बिष्ट (अध्यक्ष जंतु विज्ञान विभाग) प्रो. सुषमा टमटा व प्रो. रीतेश शाह तथा प्रो. मनोज कुमार आर्य व प्रो. दीपिका गोस्वामी तथा डॉ. हिमांशु लोहानी व डॉ. दीपक मेलकानी समेत डॉ. नेत्रपाल शर्मा व डॉ. संदीप मंडोली व प्रो. महेंद्र सिंह राणा तथा दोनों विभागों के शोधार्थी एवं शिक्षण कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री और कुमार विश्वास पहुंचे गंगनानी

**उत्तरकाशी**

हमारे संवाददाता

बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र शास्त्री और कवि कुमार विश्वास उत्तराखंड के दौरे पर हैं। आज वे उत्तरकाशी पहुंचे और यमुना पूजा की।

बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेन्द्र शास्त्री और प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास आज उत्तरकाशी पहुंचे। वे हेलीकॉप्टर से गंगनानी गए और वहां उन्होंने मां यमुना के तट पर विशेष पूजा अर्चना की। उसके बाद यमुना के शीतकालीन प्रवास खरसाली में यमुना के दर्शन के लिए रवाना हुए। वहां वे यमुना की विशेष पूजा अर्चना करेंगे।



**गंगा दशहरा पर्व पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी: सुल्तानपुर पट्टी।** गंगा दशहरा पर्व पर कोसी नदी किनारे मेले का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना करने के साथ ही अपने बच्चों का मुंडन संस्कार करवाया और खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया।

बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर कोसी शिव मंदिर पर लगाए गए मेले में उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु बड़ी संख्या में कोसी नदी तट पर पहुंचे। यहां नदी में डुबकी लगाकर विधि पूर्वक पूजा-अर्चना की। साथ ही छोटे बच्चों का मुंडन कराया। इस दौरान मंदिर समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारी राम अवतार गिरी ने बताया कि मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी का प्रसाद बनाया जाता है। बता दें कि मेले में श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन की तरफ से पूरी व्यवस्था की गई है।

साथ ही जाम की स्थिति से निपटने के लिए यूपी पुलिस व सुल्तानपुर पट्टी की पुलिस मुस्तैद है।

# रामनगर में अब निजी वाहनों पर नहीं लगेगा प्रवेश शुल्क, पालिका ने किया स्पष्ट

**रामनगर**

हमारे संवाददाता

नगर पालिका परिषद रामनगर ने शहर में लगाए गए प्रवेश शुल्क को लेकर बड़ा स्पष्टीकरण जारी किया है। ईओ आलोक उनियाल ने बुधवार देर शाम पत्रकारों से बातचीत में बताया कि अब निजी चौपहिया वाहनों से किसी भी प्रकार का प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पालिका की ओर से जो पार्किंग शुल्क का ठेका जारी किया गया है, वह केवल व्यावसायिक और भारी वाहनों जैसे ट्रक, ट्रैक्टर, छोटा हाथी और टैक्सी परमिट वाले वाहनों पर लागू रहेगा। निजी गाड़ियों पर इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा। ईओ आलोक उनियाल ने बताया कि यह ठेका पूर्व प्रशासक द्वारा स्वीकृत गजट नोटिफिकेशन के तहत जारी हुआ है जिससे नगर पालिका को लगभग 22 लाख रुपये की आय होने की संभावना है। यह राजस्व शहर के विकास कार्यों और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में



उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर की सीमाओं पर पार्किंग शुल्क की वसूली के लिए बैरियर लगाए जाएंगे और ठेकेदार के कर्मचारी जल्द ही वर्दी और पहचान पत्र के साथ तैनात दिखाई देंगे।

पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और नगर विकास में सहयोग करें। प्रेस वार्ता के दौरान पालिका के बड़े बाबू आनंद सिंह सांगा और प्रभारी स्वास्थ्य निरीक्षक लल्ला मियां सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह: तेजस उप्रेती ने प्रथम स्थान किया हासिल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सतर्कता विभाग उत्तराखण्ड द्वारा 27 अकटूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया जिसकी थीम सतर्कता हमारी साझा जिमेदारी था।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत बुधवार को ग्राफि क एरा यूनिवर्सिटी भीमताल कैंपस भीमताल में निदेशक सतर्कता की उपस्थिति एवं निर्देशन में भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। निदेशक सतर्कता डा0. वी0 मुरूगेशन द्वारा छात्रों एवं उपस्थित अधिकारियों व अध्यापकों को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के संबन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा इस संबन्ध में छात्रों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर भी दिये गये साथ ही कार्यकम में उपस्थित सभी अधिकारियों समेत विश्वविद्यालय के छात्रों एवं अध्यापकों को भ्रष्टाचार के उन्मूलन हेतु सत्यनिष्ठा शपथ दिलायी गयी। छात्रों द्वारा कार्यक्रम की थीम सतर्कता हमारी साझा जिमेदारी पर लघु फि ल्म बनायी गयी जिसमें तेजस उप्रेती ने प्रथम तथा साहिल सिंह ने द्वितीय तथा अभिनव खर्कवाल द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें पुरूष्कृत किया गया। इसी थीम पर डा0. फ राह खान के निर्देशन में छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक आयोजित किये गये। कार्यक्रम के दौरान ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी के निदेशक सेवानिवृत कर्नल श्री ए0के0 नायर द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम में निदेशक सतर्कता डॉ0 वी0 मुरूगेशन, निदेशक ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी सेवानिवृत कर्नल श्री ए0के0 नायर व युनिवर्सिटी तथा सतर्कता विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### सड़क हादसे में हलवाई की मौत, साथी घायल

**काशीपुर।** शहर के कुंडा थाना क्षेत्र में बुधवार शाम हुए एक सड़क हादसे में एक हलवाई की मौत हो गई, जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

काशीपुर शहर के कुंडा थाना क्षेत्र में बुधवार शाम हुए एक सड़क हादसे में एक हलवाई की मौत हो गई, जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

# टांडा बैरियर के पास 300 पाउच कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने टांडा बैरियर के पास चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 300 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी बाइक से शराब की सप्लाई कर रहा था।

चौकी प्रभारी एसआई मनोज कुमार अपनी टीम के साथ शांति व्यवस्था, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के लिए निकले थे। टीम में हेड कॉन्स्टेबल दिग्बर सनवाल, कॉन्स्टेबल नवीन राणा और कॉन्स्टेबल अनिल टम्टा शामिल थे।

चेकिंग के दौरान जब पुलिस टीम बेलबाबा मंदिर से लगभग एक किलोमीटर आगे टांडा बैरियर की ओर बढ़ रही थी, तभी उन्होंने एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति को देखा, जिसके पीछे दो बड़े प्लास्टिक के कट्टे बंधे थे। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक तेज गति से भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बलकार सिंह पुत्र अर्जुन सिंह, निवासी चितरंजनपुर, थाना दिनेशपुर, जनपद उधमसिंह नगर बताया। बाइक में टंगे बैग की तलाशी लेने पर उसमें 300 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ धारा 60(1)/72 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# रामनगर में सामाजिक संगठनों ने सौहार्द और न्याय के लिए स्थगित किया उपवास कार्यक्रम

**रामनगर**

हमारे संवाददाता

23 अक्टूबर को बैलपड़ाव और छोई क्षेत्र में मीट वाहन चालक से मारपीट के मामले में न्याय की मांग को लेकर सामाजिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा रामनगर तहसील में प्रस्तावित सामूहिक उपवास कार्यक्रम फिलहाल एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया है।

यह निर्णय रामनगर कोतवाल से हुई सकारात्मक वार्ता के बाद लिया गया। जानकारी के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर पुलिस प्रशासन से वार्ता की। इस दौरान अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि घटना में नामजद सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही



है और कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति की आईडी या वाहन जांच करने का अधिकार केवल पुलिस राजस्व व वन विभाग को ही है। अन्य कोई व्यक्ति ऐसा करता पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। घटना में घायल वाहन चालक को मुआवजा दिए जाने की मांग पर पुलिस ने कहा कि यह विषय शासन स्तर का है, लेकिन विभागीय स्तर पर हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। कोतवाल के आश्वासन के बाद उपवास स्थल पर मौजूद सभी संगठनों ने सर्वसम्मति से आंदोलन को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया है।

प्रतिनिधिमंडल में समाजवादी लोक मंच इंकलाबी मजदूर केंद्र, महिला एकता मंच प्रगतिशील महिला एकता केंद्र सहित कई सामाजिक संगठन शामिल रहे। सभी ने कहा कि क्षेत्र में सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बनाए रखना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। संगठनों ने जनता से अपील की कि वे अफवाहों से दूर रहकर शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।